हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, गुरुवार 11 जनवरी 2024

तापमान
अधिकतम 29 डिग्री
न्यूनतम 18 डिग्री

11 15 दिन में चालू होंगे दोनों ओव्हर हेड टैंक
12 मेहनत करने से ही जीवन में सफलता मिलती है : नम्रता गांधी








## खबर संक्षेप

### लड़ेर में मड़ई मेला आज

**मगरलोड।** ग्राम लड़ेर में ग्रामवासियों के सहयोग से 11 जनवरी गुरूवार को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी रंगधारा ओनवा रवेली जिला गरियाबंद की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी सरपंच प्रतिनिधि चंदू निषाद ने दी है।

### कोलियारी में 15 से सत्संग

**अंवरी।** सद्गुरु कबीर विराजमान मुटाना आश्रम कोलियारी में दो दिवसीय सत्संग समारोह का आयोजन 15 एवं 16 जनवरी को किया गया है। इसकी तैयारी में संत मुक्तिशरण शास्त्री कबीर मुटाना आश्रम एवं ग्रामवासी जुटे हुए हैं।

### मोंगरा में मड़ई 19 को

**कुरुद।** ग्रामवासियों व युवा समिति द्वारा ग्राम मोंगरा में मड़ई मेला का आयोजन 19 जनवारी को किया जा रहा है। रात्रि में दर्शकों के मनोरंजन के लिए राग अनुराग लोक कलामंच दुर्ग छत्तीसगढ़ का कार्यक्रम होगा।

### छाती में कबीर सत्संग समारोह 12 से

**पुरी।** ग्राम छाती में ज्ञान यज्ञ कबीर सत्संग समारोह का आयोजन 12 एवं 13 जनवरी को किया जा रहा है। सद्गुरु कबीर साहेब के आदर्शों एवं उनके अमूल्य विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए संत स्वरुप साहेब मीर नगर बाराबंकी उत्तरप्रदेश आयेंगे। इनके अलावा संत सगेन्द्र साहेब गोबरा नयापारा, पवन साहेब दर्रा एवं अनुकरण साहेब कबीर आश्रम सेनचुआ का भी आगमन होगा। भजन एवं प्रवर्धन 12 जनवरी को सुबह 10 से 1 बजे तक, दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक, 13 जनवरी शनिवार को सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक होगा। कार्यक्रम की तैयारी में भूषणलाल साहू, राजेन्द्र दास साहू, अमी साहू समेत अन्य जुटे हैं।

### परसुली, बनरौद, छुही में होगा गायत्री महायज्ञ

**धमतरी।** शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में 12 से 14 जनवरी से परसुली में, 13 से 15 जनवरी तक बनरौद, 20 से 22 जनवरी तक छुही में गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण का आयोजन किया जा रहा है। प्रथम दिवस मंगल कलशयात्रा निकाली जाएगी। द्वितीय दिवस गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण एवं दीप महायज्ञ का आयोजन होगा। अंतिम दिवस महायज्ञ, समस्त संस्कार, पूर्णाहुति, ऋषि पुत्रों की विदाई होगी। आदर्श विवाह के दम्पति को प्रोत्साहन राशि एवं सामग्री प्रदान की जायेगी। इसके लिए पंजीयन आवश्यक है। यह जानकारी एमआर निषाद, छविलाल सिन्हा, होमन सोनवानी, सुभाष साहू ने दी है।



### प्रशिक्षक चयन के लिए वॉक इन इंटरव्यू 13 को

**धमतरी।** खेलो इंडिया योजनान्तर्गत धमतरी जिले में कुश्ती खेल का खेल इडिया लघु केन्द्र शुरू किया गया है। खेल अधिकारी ने बताया कि इसके लिये अस्थायी रूप से एक कुश्ती प्रशिक्षक की जरूरत है, जिन्हें शासन के निर्देशानुसार एकमुश्त मासिक मानदेय 25 हजार रूपये, अधिकतम तीन लाख रूपये वार्षिक प्रदान किया जायेगा। योग्य प्रशिक्षक की नियुक्ति के लिये वॉक इन इंटरव्यू 13 फरवरी को सुबह 11 से शाम 5 बजे तक कार्यालय, खेल एवं युवा कल्याण, रूद्री में आयोजित किया जायेगा। आवेदन का प्रारूप वेबसाईट धमतरी डाट जीओवी डाट इन में उपलब्ध है, जिसे डाउनलोड कर इच्छुक अभ्यर्थी 29 जनवरी तक कार्यालयीन समय में आवेदन रजिस्टर्ड डाक से अथवा सीधे जमा कर सकते हैं।

## मजदूरों का 7 करोड़, सामग्री का 6 करोड़, वेतन का 3 करोड़ अटका

# मनरेगा का हाल बेहाल, तीन माह से अधिकारी-कर्मचारियों को नहीं मिला वेतन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

जिले में महात्मा गांधी ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना की हालत बद से बदतर होते जा रही है। सामग्री भुगतान को तो छोड़िये, मजदूर ही नहीं मनरेगा अधिकारी कर्मचारियों को भी पिछले तीन माह से वेतन नहीं मिला है। हालांकि वर्तमान में 300 से अधिक गांवों में मनरेगा कार्य जारी है। पिछले साल की तुलना में अब तक 60 प्रतिशत रोजगार मुहैया हो सका है।

जिला पंचायत की मनरेगा शाखा से मिली जानकारी के अनुसार जिले में 1 लाख 48 हजार 233 मनरेगा पंजीकृत परिवार हैं। इसके अंतर्गत 3 लाख 16 हजार 385 कामगार हैं। इन दिनों 300 से अधिक गांवों में 20 हजार के करीब मनरेगा मजदूर कार्य में जुटे हुए हैं। सन 2022-23 में 50 लाख मानव दिवस का कार्य हुआ है। सन 2023-24 में अब तक 30 लाख मानव दिवस का काम हो पाया है। गत वर्ष की तुलना में 60 प्रतिशत कामगारों को गारंटी योजना का लाभ मिल पाया है।

ग्राम मुजगहन के सरपंच चंद्रशेखर साहू ने बताया कि गांव में मनरेगा से नाली निर्माण का कार्य चल रहा है। मजदूरों को महीनों से पारिश्रमिक नहीं मिला है। निर्माण सामग्री का भी भुगतान नहीं हो पा रहा है। इससे कामगारों और सप्लायरों में काफी नाराजगी है। उन्होंने बताया कि पंचायत में शिविर लगाकर मजदूरों का आधार लिंक किया जा रहा है। इससे मजदूरों के खाते में डायरेक्ट भुगतान होगा।


फाइल फोटो

### जिले में मनरेगा के 450 अधिकारी- कर्मचारी

मनरेगा के तहत जिले में 450 अधिकारी कर्मचारी कार्यरत हैं। प्रतिमाह एक करोड़ रुपये की सेलरी बनती है। तीन माह से पगार नहीं मिलने से मनरेगा अधिकारी कर्मचारियों में रोष है। इधर मनरेगा कामगारों को तीन माह से भुगतान नहीं हो पाया है। मजदूरों को 7 करोड़ भुगतान बकाया है, वहीं मटेरियल सप्लायरों का 6 करोड़ रुपये बकाया है। इसी तरह से जिले में 16 करोड़ रूपये का भुगतान किया जाना है, लेकिन बजट नहीं मिलने से भुगतान अटका हुआ है।

### हर पंचायत में बनेगा अमृत सरोवर

जिले में अमृत महोत्सव के तहत गत वर्ष 75 अमृत सरोवर निर्माण किया गया है। केंद्र सरकार ने अब जिले की सभी ग्राम पंचायतों में अमृत सरोवर बनाने का आदेश जारी कर दिया है। अमृत सरोवर के लिए एक एकड़ से ऊपर जमीन होनी चाहिए। इसमें 10 हजार क्यूबिक मीटर से अधिक जलभराव की क्षमता होगी। ऐसे तालाबों को अमृत सरोवर से जोड़ा जाएगा। जिले में कुल 370 ग्राम पंचायत हैं। कुरूद में 108, नगरी में 102, धमतरी 94 तथा मगरलोड की 66 पंचायतों में अमृत सरोवर का निर्माण होगा। इन सरोवरों से आजीविका के साधन बनेंगे।

## एक सौ दो हितग्राहियों का हुआ आयुष्मान पंजीयन



- नेट की समस्या होने पर कमार हितग्राहियों का सांकरा अस्पताल में बनाया गया आयुष्मान कार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

जंगली क्षेत्र में इंटरनेट की समस्या होने पर कमार हितग्राहियों का टीम ने सांकरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आयुष्मान कार्ड बनाया।

प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत जिले की सभी कमार जनजाति का शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाये जाने का लक्ष्य रखा गया है। वहीं टीम कमार बाहुल्य गांवों में पहुंचकर घर-घर दस्तक देकर कमार हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड बनाने के अभियान में जुटी हुई है। इसी क्रम में जिला प्रशासन एवं सीएमएचओ डा.शैलेंद्र मंडल के निर्देश पर टीम ग्राम सांकरा, मसानडबरा, भोथली, गितकारमुड़ा व घोरागांव की कमार जनजाति के लोगों का आयुष्मान पंजीयन के लिए पहुंची थी। लेकिन उस क्षेत्र में इंटरनेट का नेटवर्क नहीं होने से गांव में कमार हितग्राहियों का आयुष्मान पंजीयन नहीं किया जा सका। इंटरनेट समस्या के कारण सभी हितग्राहियों के लिए निःशुल्क वाहन की व्यवस्था कर उन्हें आयुष्मान पंजीयन के लिए सांकरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। यहां सभी की स्वास्थ्य जांच की गई। इसके बाद 102 लोगों का आयुष्मान कार्ड पंजीयन किया गया। जिले में अब तक 3 हजार 888 कमार जनजाति के लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया जा चुका है।

## 10.60 लाख के गांजा के साथ एमपी के दो तस्कर गिरफ्तार




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सांकरा

- बोराई पुलिस ने की कार्रवाई

उड़ीसा से मारुति कार जेन से गांजा की तस्करी कर रहे दो तस्करों को बोराई पुलिस ने गिरफ्तार किया है। तलाशी के दौरान कार से 10 लाख 60 हजार का अवैध गांजा बरामद किया गया है।

बोराई चेक पोस्ट में थाना प्रभारी हमराह स्टाफ के साथ वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान उड़ीसा प्रांत की ओर से मारुति कार जेन आ रही थी। मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने गाड़ी रोककर संदेहियों से नाम पता पूछा। एक ने अपना नाम तोषण विश्वकर्मा उर्फ राजा पिता शारदा प्रसाद विश्वकर्मा उम्र 32 वर्ष साकिन वार्ड नंबर 15 गाजन थाना रामपुर बधेलान जिला सतना (मप्र) , दूसरे ने विजय कुमार विश्वकर्मा पिता रामजी विश्वकर्मा उम्र 36 वर्ष साकिन रतहरी थाना सिविल लाईन रीवां जिला रीवा (मप्र) बताया। सिल्वर रंग की मारुति कार जेन एलएक्स क्र. एमपी 20 एफए 2513 की तलाशी के दौरान तीन बोरियों के अंदर गांजा पाया गया। संदेहियों ने मादक पदार्थ गांजा को रखने के संबंध में कोई वैध दस्तावेज पेश नहीं किया। कुल 53 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। जब्त गांजे की कीमत लगभग 10,60,000 रूपये आंकी गई है। घटना में प्रयुक्त 1 नग मारुति जेन कार कीमत 40,000, 2 नग मोबाइल कीमत 9500 एवं नकदी रकम 1300 रुपये कुल 11,10,800 रूपये जब्त किया गया है। इसे गवाहों के समक्ष सील बंद किया गया। आरोपियों के विरुद्ध 20 (ख) नारकोटिक एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उसे न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी राजेश जगत, सउनि रामकृष्ण साहू, प्रआर वेदराम मरकाम, सौरभ पटेल, आरक्षक प्रदीप देव, जितेंद्र कोर्राम, कुबेर जुर्री, प्रमोद गहाड़े, संजय ओगरे, नरेश सिदार, रामचरण ध्रुव, डीएसएफ भारत बंजारा का योगदान रहा।

## आज से सभी वाहनों का संचालन होगा शुरु

# ड्राइवर महासंगठन ने हड़ताल से हाथ खींचा

- कलेक्टर नम्रता गांधी ने बैठक लेकर दी समझाइश
- कानून लागू होने पर महाहड़ताल की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

बुधवार को हिट एण्ड रन कानून के विरोध में ड्राइवर महासंगठन फिर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर आ गया था, लेकिन कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी की समझाइश के बाद हड़ताल वापस ले ली गई है। हड़ताल से लोकल बसों का संचालन प्रभावित हुआ, जिससे यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

उल्लेखनीय है कि हिट एण्ड रन कानून को लेकर 1 जनवरी से 3 जनवरी तक देशव्यापी हड़ताल से हड़कंप मच गया था। डीजल-पेट्रोल के लिए पेट्रोल पंप में लंबी कतार लग गई थी। हड़ताल पर विराम लगने के बाद सोमवार को महासंगठन ने फिर आंदोलन की रणनीति बनाई। इसी रणनीति के चलते ड्राइवर बुधवार को स्टेयरिंग छोड़ो हड़ताल पर आ गए। बस स्टैंड से चलने वाली बसों पर ब्रेक लग गया। आरटीओ अधिकारी मो. मुजाहिद ने हड़ताल की खबर मिलते ही बस स्टैंड पहुंचकर ड्राइवरों को समझाइश दी। उन्होंने ड्राइवरों को बताया कि कानून अभी लागू नहीं हुआ है, अफवाह में न आए।

बस स्टैंड में रायपुर से जगदलपुर, जगदलपुर से रायपुर चलने वाली बसें निर्धारित समय पर आती जाती रहीं। चालकों ने बसों को रोकने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस हस्तक्षेप के बाद उक्त बसों की आवाजाही होती रही। स्कूली बस, आटो के ड्राइवर इस आंदोलन से अपनी दूरी बना ली थी जिसके कारण स्कूली बच्चों को स्कूल आने जाने में दिक्कत नहीं हुई। धमतरी से बालोद, दुर्ग, रायपुर, राजनांदगांव, नगरी, मगरलोड आदि रास्ते पर चलने वाली बसों के पहिये थम रहे। दोपहर बाद हड़ताल के वापस लेने की खबर के बाद कुछ बसों का संचालन हो पाया।



### कलेक्टर की समझाइश के बाद हड़ताल वापस ली

छग ड्राइवर महासंगठन के जिलाध्यक्ष अनूप मानिकपुरी ने बताया कि बुधवार को संगठन के ड्राइवरों ने कलेक्टोरेट पहुंचकर शांतिपूर्ण आंदोलन करने का ज्ञापन सौंपा। इस दौरान कलेक्टर ने सभाकक्ष में बैठक कर उन्हें बताया कि हिट एण्ड रन कानून अभी लागू नहीं हुआ है। जिस दिन यह कानून लागू होगा, उस दिन प्रशासन भी ड्राइवरों का साथ देगा। कानून का विरोध दूसरे तरीके से भी किया जा सकता है जैसे फीता लगाकर। उन्होंने बताया कि ड्राइवरों की हड़ताल से पूरी व्यवस्था बिगड़ जाएगी। कलेक्टर की समझाइश के बाद संगठन ने हड़ताल वापस ले ली है मगर काला कानून लागू होने पर महाहड़ताल शुरु हो जाएगी। हड़ताल में 500 ट्रक, 300 टैक्सी-आटो, 53 बसों के ड्राइवर शामिल थे। 11 जनवरी से निर्धारित समय पर ट्रकों का संचालन शुरु हो जाएगा।

## ठंड की होगी वापसी, पारा 3 से 5 डिग्री गिरने की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

आगामी दिनों में फिर से ठंड पड़ने वाली है। मौसम साफ होने तथा उत्तर दिशा से हवा का आगमन होगा। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अगले तीन दिनों में न्यूनतम तापमान में 3 से 5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट हो सकती है। वहीं अधिकतम तापमान में भी 2 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आने की संभावना है। उल्लेखनीय है कि पश्चिमी विक्षोभ के चलते नमीयुक्त हवा तथा बादल छाने से तापमान में करीब 5 से 6 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हुई थी। अब फिर से तापमान गिरने से अच्छी ठंड पड़ने की संभावना है। बुधवार को अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस पर चला गया था, वहीं न्यूनतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस मापा गया है।

# फंदे पर लटकी मिली युवक की लाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

कौहा पेड़ पर एक अज्ञात युवक की लाश फांसी पर लटकी मिलने से आसपास सनसनी फैल गई है।

पुलिस के अनुसार बुधवार की सुबह लोगों ने ग्राम बागतराई मार्ग पर ओव्हरब्रिज के पास खेत स्थित कौहा पेड़ पर एक युवक की लाश फांसी के फंदे पर लटकी देखी। घटना की सूचना अर्जुनी पुलिस थाने को दी गई। घटनास्थल सोरिदभाट के पास होने के कारण सिटी कोतवाली को जानकारी दी गई। कोतवाली पुलिस तत्काल घटनास्थल पहुंची। जहां बाईपास ओव्हरब्रिज के आगे बागतराई मार्ग पर एक खेत के बाद मेड़ में लगे कौहा पेड़ में शर्ट के फंदे पर एक युवक की लाश लटक रही थी।

शव को फंदे से नीचे उतारकर पुलिस शिनाख्ति के प्रयास में जुट गई। मृतक लाल व काले रंग के धब्बेदार टी शर्ट व काले रंग का रेडिमेड पेंट पहना हुआ है। मृतक की उम्र लगभग 35 वर्ष है। काफी प्रयास के बाद मौके पर मृतक की शिनाख्ति नहीं हो पाई। पुलिस ने पंचनामा की कार्रवाई कर शव को जिला अस्पताल के मर्च्यूरी में शिफ्ट कर दिया है। मृतक की पहचान होने व परिजनों के पहुंचने के बाद ही पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी। घटनास्थल को पुरूर थाना क्षेत्र माना जा रहा है।



- बागतराई मार्ग की घटना

## राजस्व विभाग ने तैयार किया कैशलेस सिस्टम

# नगर निगम में अब ऑनलाइन जमा होंगे टैक्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

नगर निगम ने एक नई पहल करते हुए टैक्स को यूपीआई, ऑनलाइन के माध्यम से जमा करने की सुविधा प्रदान की है। इसके लिए राजस्व विभाग के कार्यालय सहित फील्ड में भी व्यवस्था होगी। विभाग ने कैशलेस सिस्टम तैयार किया है जिससे करदाताओं को काफी सहूलियत मिलेगी। सुविधाओं को लॉन्च करते हुए राजस्व विभाग के अधिकारी स्वयं पहले टैक्स पेयर बने। पहले दिन दो करदाताओं ने ऑनलाइन माध्यम से टैक्स जमा किया।

उपायुक्त पीसी सार्वा ने बताया कि निगम में अब टैक्स जमा करने के लिए नकद राशि लाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। ऑनलाइन सिस्टम लागू हो गया है। लोग अब मोबाइल फोन के माध्यम से टैक्स जमा कर सकते हैं। करदाताओं को कार्यालय के अलावा फील्ड में भी यह सुविधा मिलेगी। निगम के कैशलेस सिस्टम की नागरिक तारीफ कर रहे हैं।

गौरतलब है कि इसके लिए राजस्व विभाग के अधिकारियों को उपायुक्त ने प्रशिक्षण दिया है। महापौर विजय देवांगन, सभापति अनुराग मसीह एवं नेता प्रतिपक्ष नरेन्द्र रोहरा ने राजस्व विभाग के इस नवाचार की सराहना की है। ज्ञात हो कि उपायुक्त ने धमतरी में ज्वाइन करते ही टैक्स कलेक्शन को लेकर गंभीरता दिखाई है। इसी के साथ ही करदाताओं को सुविधा प्रदान करते हुए कैशलेस प्रणाली को अपनाने की कवायद प्रारंभ की है। जिन करदाताओं के पास नकद राशि नहीं रहती है वे ऑनलाइन टैक्स जमा कर सकते हैं। इसके लिए बारकोड उपलब्ध कराया गया है। फील्ड में भी बारकोड के माध्यम से स्कैन करके करदाता अपना टैक्स जमा कर सकते हैं। इसकी शुरूआत निगम के राजस्व विभाग के अधिकारी देवेश चंदेल ने अपना टैक्स ऑनलाइन जमा कर की तथा इसकी रसीद भी प्राप्त की है। बता दें कि ऑनलाइन टैक्स जमा करते ही राजस्व विभाग के अधिकारियों द्वारा तुरंत पक्की रसीद उपलब्ध करा दी जाएगी।



## कुहकुहा में कवि सम्मेलन 12 को

**सिर्री।** ग्राम कुहकुहा में ग्रामवासियों और युवाओं के सहयोग से स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर 12 जनवरी को शाम 7 बजे से कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है। हास्य, गीत, गजल, कविताओं से सराबोर करने कवि अपनी कविताओं के साथ उपस्थित होंगे।सम्मेलन में वीरेंद्र तिवारी वीरू अर्जुनी डोंगरगांव, संतुराम साहू डोंगरगांव, रामेश्वर साहू बकली, सतीश शर्मा नारी, कुलदीप सिन्हा, दीप कुकरेल, श्रीकांत मिश्रा सिंधौरी, लीलाराम सिन्हा मरौद, मोहन कंसारी नारी अपनी कविता प्रस्तुत करेंगे। यह जानकारी आयोजक समिति के हरिनारायण साहू ने दी है।

**पाठक सूचना**

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

## खबर संक्षेप

### प्राण-प्रतिष्ठा के लिए बांटा गया आमंत्रण पत्र

**पुरी।** विश्व हिंदू परिषद द्वारा ग्राम पंचायत देवपुर में अयोध्या से आए पीले अक्षत, आमंत्रण पत्र तथा श्रीराम मंदिर की फोटो ग्रामीणों को भेंट की गई। अयोध्या में 22 जनवरी को श्रीराम लला की प्राण-प्रतिष्ठा के लिए हर घर में आमंत्रण पत्र बांटा गया।

### कवि सम्मेलन 12 को

**सिर्री।** मानसरोवर साहित्य अकादमी एवं प्रेरणा मित्र युवा संगठन व ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम गातापार (कुरुद) में राष्ट्रीय कवि सम्मेलन 12 जनवरी को रखा गया है। दोपहर 12 बजे अक्षत कलश यात्रा, दोपहर 3 बजे धर्मसभा महंत उमेशानंद गिरी महाराज बुड़ेनी आश्रम, महंत गोकुल गिरी महाराज लोमश ऋषि आश्रम के सानिध्य में संपन्न होगी। रात्रि 7 बजे कवि सम्मेलन शुरू होगा। कवि मीर अली (गीतकार) रायपुर, कवि मकसुदन राम साहू नयापारा, कवि कृष्णा भारती (हास्य) सिमगा, कवि यशवंत यदु (हास्य, व्यंग्य) रायपुर, कवि महेन्द्र कुमार (व्यंग्य, वीर रस) रायपुर, कवि रिंकी (वीर रस) रायपुर, कवयित्री नेहा ठेठवार (ओज) धरमजयगढ़, कवि राजू छत्तीसगढ़िया (ओज) गातापार कुरूद दर्शकों का मनोरंजन करेंगे। तैयारी में चोपेश्वर साहू संरक्षक, कुलेश्वर साहू मार्गदर्शक, संयोजक तुलेश साहू सचिव प्रेरणा मित्र युवा संगठन व ग्रामवासी जुटे हुए हैं।

## निधन

### मुटानाबाई निषाद



**मगरलोड।** ग्राम लड़ेर निवासी श्रीमती मुटानाबाई निषाद 54 वर्ष का 9 जनवरी मंगलवार को स्वर्गवास हो गया। वे नोहर निषाद की पत्नी व मोतीराम निषाद, गोपाल, तुकाराम निषाद की मां थीं। उनके अंतिम संस्कार में सामाजिकजन एवं ग्रामवासी शामिल हुए।

प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी संस्थान नगरी में मनाई गई विवेकानंद जयंती

# युवाओं में परिस्थितियों से जूझने की ताकत है : ब्रम्हाकुमारी सरस

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी



प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय राजऋषि भवन विवेकानंद वार्ड नगरी में विवेकानंद की जयंती पर राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। अतिथि बीके सरस , बीके भावना, बीके मूलेश्वरी, बीके कमलेश्वरी तथा भानुप्रताप कुंजाम माइक्रो आर्टिस्ट, गोदावरी साहू, प्रिया पवार अतिथि व्याख्याता, परमेश्वर साहू चित्रकार थे। बीके पीताम्बर एवं हिमांशु ने गीत की प्रस्तुति दी। युवाओं के सम्मान में कल्याणी ने सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया। इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य वक्ता राजयोगिनी सरस ने कहा कि युवा का अर्थ है ऊर्जावान अर्थात जिसका मस्तिष्क ऊर्जा से भरा हो। वर्तमान में परिस्थितियों से जूझने की ताकत युवाओं में हैं। राज्यसत्ता, धर्मसत्ता, तकनीकी, अर्थव्यवस्था, औद्योगिकी, पारिवारिक तथा सामाजिक क्षेत्र की उन्नति के लिए एक मजबूत हाथ की जरूरत होती है। इसके लिए युवाओं पर सबकी निगाहें टिकी होती हैं। कार्यक्रम का संचालन निशा ने किया।

### आज के युवा व्यसनों में फंस रहे

आगे कहा कि समाज में युवा को एक नई क्रांति लाने का माध्यम समझा जाता है। परंतु विडंबना यह है कि आज का युवा समाज में व्याप्त बुराइयों तथा व्यसनों में फंसता चला जा रहा है। अपनी शक्तियों को गलत कार्यों में लगा रहा है। ऐसे समय में युवाओं को अच्छी दिशा व सही मागदर्शन की जरूरत है। इसके लिए ब्रह्माकुमारीज द्वारा कई अभियान चलाए जा रहे हैं। स्कूलों में बच्चों को मोटिवेट किया जा रहा है। हमारा इस वर्ष की थीम स्वस्थ युवा स्वस्थ भारत है। युवा शारीरिक मानसिक रूप से स्वस्थ रहेगा तभी हमारा देश भी स्वस्थ और सशक्त बनेगा। आगे कहा कि राजयोग से हम अपने अंदर निहित गुणों व शक्तियों को जागृत कर सकते हैं और अपने जीवन को श्रेष्ठ बना सकते हैं ।

### युवाओं में संयम जरूरी

भानुप्रताप कुंजाम ने कहा कि युवाओं को प्रेरणास्रोत बनकर कार्य करना चाहिए किसी भी कार्य को बोलकर नहीं वरन करके दिखाना होगा तभी भावी पीढ़ी उनका अनुसरण कर पाएगी। प्रिया पवार ने कहा कि आज के युवा में संयम की नितांत आवश्यकता है। गोदावरी साहू, परमेश्वर साहू ने कहा कि युवाओं को अपनी शक्ति की पहचान कर उसका उपयोग समाज के कल्याणकारी कार्यों में करना चाहिए।

# राष्ट्रीय अध्यक्ष के पदभार ग्रहण समारोह में शामिल हुए एनएसयूआई जिलाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



वरुण चौधरी को एनएसयूआई का नया राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया है। पदभार ग्रहण समारोह राष्ट्रीय कार्यालय नई दिल्ली में आयोजित किया। इसमें सम्मिलित होने एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष राजा देवांगन अपनी टीम के साथ पहुंचे। इस अवसर पर श्री देवांगन ने बताया कि हाईकमान ने एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में वरुण चौधरी की नियुक्ति की है। उन्हें संगठन को मजबूत और छात्रों के अधिकार की लड़ाई लड़ने की जिम्मेदारी सौंपी। श्री चौधरी पूर्व में एनएसयूआई राष्ट्रीय सचिव के रुप में संगठन को मजबूत करने और छात्र हित की लड़ाई लड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वे दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ के सबसे युवा सचिव रह चुके हैं। अब वे नीरज कुंदन की जगह लेंगे। श्री देवांगन ने आगे कहा कि श्री चौधरी के नेतृत्व में हम नई ऊर्जा के साथ छात्रों के हक की आवाज देश भर में बुलंद करेंगे। पदग्रहण समारोह में एनएसयूआई जिलाध्यक्ष राजा देवांगन के साथ प्रदेश सचिव पारसमणि साहू, ओमप्रकाश मानिकपुरी, अरविन्द यादव, सुदीप सिन्हा, विक्की देवांगन, राहुल साहू शामिल हुए।



### जामली स्कूल में स्मार्ट क्लास का शुभारंभ

**मगरलोड।** स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए कई प्रकार के पायलट प्रोजेक्ट एवं योजनाएं लागू की जा रही है जिसमें से एक है स्मार्ट क्लास। शासकीय प्राथमिक शाला जामली में संकुल प्राचार्य कुमेन्द्र साहू, संकुल समन्वयक रूपेश शर्मा तथा प्रधानपाठक डेवेश साहू ने स्मार्ट क्लास का शुभारंभ किया। स्मार्ट क्लास का मुख्य उद्देश्य बच्चों का खेल-खेल में मंनोरंजन के साथ उनका शैक्षणिक विकास करना है। मौके पर संकुल केन्द्र मोहंदी से कोमल साहू, दुलेश्वर डहरे, गैंदलाल कंवर, बसन्ती सिन्हा, जवाहर कंवर, झुमुकलाल साहू, ऋषि पटेल, रेखा साहू, नेमसिंह ध्रुव, चेतन साहू उपस्थित थे।

### सुखराम नागे कालेज में विश्व हिंदी दिवस मना



हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में प्रभारी प्राचार्य प्रो. मोहित कुमार एवं हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. अंबा शुक्ला के निर्देशन तथा डॉ. गायत्री साहू एवं सुश्री ओमिन निशाद के संयोजन में विश्व हिंदी दिवस मनाया गया। विशिष्ट अतिथि प्रो.कौशल नायक, प्रो.लालमन बेरवंश एवं डॉ.दीपा देवांगन थे। मंच संचालन हिमांशु कोसरे ने किया। दीपांशु एवं खिलेश नेताम ने हिंदी भाषा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अपनी स्वरचित कविता प्रस्तुत की। हिंदी विभाग के सभी प्राध्यापकों ने अपनी मौलिक रचना प्रस्तुत कर ज्ञानवर्धन किया।

# गायत्री महायज्ञ में श्रद्धालुओं ने डाली आहुतियां





हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी

ग्राम भैंसबोड़ में 7 से 10 जनवरी तक ग्रामवासियो एवं गायत्री परिवार द्वारा पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञापुराण का आयोजन किया गया। गायत्री महायज्ञ का आरंभ धर्म ध्वजारोहण, कलश यात्रा, कलश स्थापना से हुआ। यज्ञ में भैंसबोड़ और आसपास के श्रद्धालुओं ने आहुतियां डाली। प्रज्ञा पुराण का वाचन शांतिकुंज के ऋषि पुत्र द्वारा किया गया। प्रति दिवस 9 बजे से 11 बजे तक यज्ञ कार्यक्रम तथा 2 बजे से 5 बजे तक प्रज्ञापुराण प्रवचन हुआ। तृतीय दिवस दीप यज्ञ का आयोजन भी किया जिसमें पूरे पंडाल को दीपों से सजाया गया था। अंतिम दिवस पुंसवन संस्कार, नामकरण संस्कार, मुंडन संस्कार, विद्या आरम्भ संस्कार, जन्म दिवस संस्कार हुए। इस दौरान लोगों ने नशापान न करने का भी संकल्प लिया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

गुप्त रोगी संपर्क करें
पुरूष गुप्त रोगी नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, समय से पहले वीर्य स्खलित हो जाना, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन व पेशाब के साथ धातु का गिरना एवं जलन होना। 100% आयुर्वेदिक ईलाज।
30 दिन की दवा 3500/-
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
अंगारमोती मेडिकल, अंबेडकर चौक, बस्तर रोड जोधापुर, धमतरी मो.91744-66336

**राजस्व मामले में नोटिस**

**समक्ष न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) धमतरी**

**मामले का विषय राजस्व अपील प्रकरण**
**मामला क्रमांक 202012130700045/1304/ एपीएल/अ-6, वर्ष 2021-22**

1- आभा यादव पिता स्व. पिताम्बर यादव उम्र 45 वर्ष, निवासी-ग्राम बोरगहन तहसील गुण्डरदेही, जिला बालोद, छ.ग.
2- पूनम यादव पति स्व. कैलाश यादव उम्र 52 वर्ष,
3- पूजा यादव पिता स्व. कैलाश यादव उम्र 31 वर्ष,
4- विट्ठल यादव पिता स्व. कैलाश यादव उम्र 27 वर्ष,
5- सचिन यादव पिता स्व. कैलाश यादव उम्र 21 वर्ष, निवासी-क्रमांक 2 से 5 वैष्णव मंदिर के सामने रिसाईपारा धमतरी, तहसील व जिला धमतरी (छ.ग.)

........अपीलार्थीगण

**दावा**

1- हीरा उर्फ हितकारिणी यादव पति स्व. केवल यादव, उम्र 47 वर्ष,
2- हर्षिता यादव पिता स्व. केवल यादव, उम्र 18 वर्ष,
3- हिमांशी यादव पिता स्व. केवल यादव, उम्र 16 वर्ष, क्रमांक 3 नाबालिग वली श्रीमती हीरा उर्फ हितकारिणी यादव पति स्व. केवल यादव,
तीनों निवासी-वैष्णव मंदिर के सामने रिसाईपारा धमतरी, तह. व जिला धमतरी,
4- रूखमणी यादव पति श्री आलोक यादव, निवासी-शिव चौक बनियापारा वार्ड धमतरी तहसील व जिला धमतरी,
5-आलोक यादव पिता स्व. पिताम्बर यादव उम्र 32 वर्ष, निवासी-फुलवारी कुंआ के पास बनियापारा वार्ड धमतरी, तहसील व जिला धमतरी (छ.ग.)

........उत्तरवादीगण

एतद द्वारा उत्तरवादी क्रमांक 02-हर्षिता यादव पिता स्व. केवल यादव, उम्र 18 वर्ष, निवासी-वैष्णव मंदिर के सामने रिसाईपारा धमतरी, तह. व जिला धमतरी (छ.ग.), आपको सूचित किया जाता है कि, अपीलार्थी आभा यादव पिता स्व. पिताम्बर यादव उम्र 45 वर्ष, निवासी ग्राम बोरगहन तहसील गुण्डरदेही, जिला बालोद, छ.ग. एवं अन्य 04 के द्वारा उत्तरवादीगण क्रमांक-01 से 05 के विरूद्ध न्यायालय तहसीलदार धमतरी के राजस्व प्रकरण क्रमांक 202012130700045/अ-6 वर्ष 2020-21 में पारित आदेश दिनांक 06.12.2021 से परिवेदित होकर प्रस्तुत अपील इस न्यायालय में प्रचलित है। जिसमें आप उत्तरवादी क्रमांक 02 की उपस्थिति अनिवार्य है। उपर्युक्त मामले की सुनवाई तारीख 19/01/2024 को दिन के प्रातः 11.00 बजे स्थान न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) धमतरी पर होगी।

अतः आप उत्तरवादी इस न्यायालय की उक्त सुनवाई तिथि 19/01/2024 को स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होवे। अन्यथा अनुपस्थिति की दशा में एक पक्षीय कार्यवाही की जाकर प्रकरण का गुण-दोष के आधार पर निराकरण कर दिया जावेगा।

जारी दिनांक 01/01/2024

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
धमतरी (छ.ग.)

# कोड़ापार में नलजल योजना का पानी बेचने का आरोप

■ ग्रामीण विकास समिति ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶जीजामगांव

ग्राम पंचायत कोड़ापार की ग्रामीण विकास समिति अध्यक्ष भीम साहू, सचिव अरुण सिन्हा, कोषाध्यक्ष दाऊलाल एवं सहसचिव परदेसीराम साहू ने कलेक्टर को आवेदन देते हुए बताया कि उनके ग्राम में नल जल योजना अंतर्गत पाइपलाइन का विस्तार किया गया है।

ग्रामीणों ने बताया कि नल कनेक्शन कार्य पूर्ण हो जाने के बावजूद ग्रामीणों को नल जल योजना का पानी नहीं दिया जा रहा है। नलजल योजना के पानी को ग्रामीणों के बिना सहमति के पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा पिछले एक माह से निर्माणाधीन भारतमाला सड़क परियोजना को बेचा जा रहा है। रोजाना 8 से 10 टैंकर पानी की सप्लाई की जा रही है। नल जल योजना के पानी को पैसा कमाने का जरिया बना लिया है जो गलत है। ग्रामीणों ने इस मामले पर 7 जनवरी रविवार को जनरल बैठक बुलाई थी लेकिन सरपंच, उपसरपंच एवं कुछ पंच उपस्थित नहीं हुए।

ग्रामीणों ने बैठक में निर्णय लिया है कि नल जल योजना के पानी को भारतमाला सड़क के लिए नहीं दिया जायेगा। ग्रामीणों के इस निर्णय की जानकारी ठेकेदार ने सरपंच पति को दी। सरपंच पति ने कहा कि मैं इस निर्णय को नहीं मानूंगा। सरपंच पति के इस व्यवहार से ग्रामीणों में आक्रोश है। जिला कलेक्टर से आवेदन करते हुए ग्रामीणों ने गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने, नल जल योजना का पानी ग्रामीणों को देने की मांग की है।

इस अवसर पर दुरेन्द्र साहू पूर्व सरपंच, लोकेश साहू पंच, कृष्णलाल साहू, निरंजन, तिहारूराम साहू, गोपी, दुर्गेश, गोपाल साहू, लक्ष्मणदास, लोकेश साहू, गेंदूराम, देवनाथ, खेमराज, सोहनराम, अरुण, देवेंद्र, नारायण, महेंद्र, सुखदेव साहू, यशवंत साहू, झम्मन साहू, जगनूराम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। इस संबंध में सरपंच से संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन संपर्क नहीं हो पाया।

# झांकी में अंजोरा एवं गायन में कंहेरा प्रथम

■ मड़ेली में हुई जसगीत प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶जीजामगांव





संत कर्मा माता सेवा समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम मड़ेली में जसगीत एवं झांकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतिभागी मंडलियों को पुरस्कृत किया गया। झांकी में प्रथम जय शिव शक्ति बाल जस झांकी परिवार अंजोरा नगपुरा, द्वितीय जय मां चंडी मिंटू पुराण जस झांकी परिवार उरला दुर्ग, तृतीय श्री अजय बाल समाज सेवा भजन एवं झांकी मंडली सिरसाखुर्द दुर्ग, चतुर्थ जय मां महामाया महिमा अपार जस झांकी परिवार पुराना बेंद्री उरला, पंचम जय महामाया शीतला जस झांकी परिवार मोहंदी नारधा रहे। गायन में प्रथम श्री हरे कृष्णा जन सेवा भाग एवं राउत नाच मंडली कंहेरा जुलम एवं द्वितीय स्थान जय मां दुर्गा शक्ति संत समाज जस बालिका सेवा मंडली दतरेंगा रायपुर ने प्राप्त किया है। विशेष पुरस्कार गायन में जय जागृति जस बईहा झांकी परिवार मौलीभाठा बेमेतरा, वादन में जय महाकाल जस झांकी परिवार कोहडिया बेमेतरा, अनुशासन नव ज्योति मां अभय जस झांकी परिवार कपसदा कुम्हारी, वेशभूषा में श्री भारत दर्शन जस झांकी परिवार भिंभौरी, रचना में जय सहोदर बाबा राउत नरसिंह नाथ जस झांकी परिवार अंडा विजयी रहे। कार्यक्रम में संत कर्मा माता सेवा समिति के सदस्य एवं ग्रामीणों का विशेष योगदान रहा।

# गोजी में छग स्तरीय डांस का महासंग्राम और मड़ई 14 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री



ग्राम गोजी में ग्रामवासियों के सहयोग से 14 जनवरी को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में छत्तीसगढ़ स्तरीय डांस का महासंग्राम होगा जिसमें छत्तीसगढ़ के दूरस्थ जिले के अनेक प्रतिभागी प्रस्तुति देंगे। ग्रुप डांस में प्रवेश शुल्क 300 रूपये है। प्रथम पुरस्कार 11,111 रुपए, द्वितीय 5,111 रूपये, तृतीय 3111 रुपए, चतुर्थ 2111 रुपए, पंचम 1,111 रुपए निर्धारित हैं। युगल डांस में प्रवेश शुल्क 201 रूपये है। प्रथम पुरस्कार 5,111 रुपए, द्वितीय 3,111 तृतीय 2,111 रुपए, चतुर्थ 1,111 रुपए, पंचम पुरस्कार 711 रुपए है। एकल डांस में प्रवेश शुल्क 151 रूपये है। प्रथम पुरस्कार 3,111 रुपए, द्वितीय 2,111 रुपए, तृतीय 1,511 ,चतुर्थ 1,111 रुपए, पंचम पुरस्कार 511 रूपये रखा गया है। डांस प्रतियोगिता के साथ-साथ गायन प्रतियोगिता भी आयोजित की जायेगी जिसका प्रवेश शुल्क 101 रूपये है। प्रथम पुरस्कार 1,111 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 511 रुपए है।

कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए ग्रामीण समाज अध्यक्ष डॉ बरातु साहू, सचिव देवलाल पाल, उपाध्यक्ष वासुदेव सोनवानी, उमेश साहू, बिसेलाल तथा सरपंच थानेश्वर तारक, उपसरपंच कृष्ण कुमार साहू पंचगण व स्टूडेंट यूनियन कमेटी के पदाधिकारी व ग्रामवासी जुटे हुए हैं। यह जानकारी ग्रामीण अध्यक्ष बरातू राम साहू ने दी।

Pride of Dhamtari

आपके शहर धमतरी में
प्रख्यात चिकित्सकों द्वारा चिकित्सा परामर्श
ओ.पी.डी.
कृपया पुरानी रिपोर्ट साथ लावें
पंजीयन आवश्यक - 9981996482
स्थान : क्रिश्चन हॉस्पिटल ,बस स्टैण्ड के सामने, धमतरी
अगर आप किडनी रोग, मस्तिष्क रोग, स्लिप डिस्क से सम्बंधित लक्षण व परेशान है तो अवश्य परामर्श लेवें
डॉ करण सराफ - MD,DM Nephrologist - किडनी रोग विशेषज्ञ - 02 जनवरी 2024 मंगलवार
डॉ अक्षय बैद - MS,MCh, Neurosurgeon - ब्रेन सर्जरी विशेषज्ञ - 05 जनवरी 2024 शुक्रवार
डॉ आशु जैन - MS,MCh, Neurosurgeon - ब्रेन सर्जरी विशेषज्ञ - 12 जनवरी 2024 शुक्रवार

उचित दामों पर उच्चतम क्वालिटी के फ्लाईएश ईंट एवं पेवर ब्लाक उपलब्ध
कासलीवाल ब्रिक्स
रेत, गिट्टी, ईंट, सीमेंट, छड़ के सप्लायर
प्रो. शीतल कासलीवाल : 87706-89029
ग्राम-संकरी, तहसील-कुरूद, जिला-धमतरी
नोट : सभी शासकीय कार्य एवं भवन निर्माण हेतु जीएसटी बिल के साथ उपलब्ध

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 83058-71196, कुरुद - 98268-82770, नगरी -77488-10431,
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-238756

नागरिकों ने तहसीलदार और सीएमओ को दिया आवेदन

# कारगिल उद्यान के पास से अतिक्रमण हटाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड




नगर पंचायत मगरलोड भैंसमुंडी में इन दिनों अतिक्रमण की बाढ़ आ गई है। ज्ञात हो कि नगर पंचायत मगरलोड में पानी टंकी, तहसील कार्यालय, जनपद कार्यालय, कारगिल उद्यान सहित अनेक शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर अवैध रूप से मकान बनाया जा रहा है। नगर पंचायत मगरलोड भैंसमुंडी के आम नागरिकों ने कारगिल उद्यान के पास हुए अतिक्रमण को हटाने की मांग की है।

नगर पंचायत मगरलोड भैंसमुंडी निवासी वासुदेव सेन, लखनलाल हिरवानी, खुमान साहू, नोहर कुमार, देवकुमार साहू, शेखर विश्वकर्मा, टेकराम साहू, खूबचंद साहू, प्रकाश साहू, जितेंद्र साहू, होमप्रकाश साहू, बेनीराम साहू, रेवाराम साहू, हेमंत कुमार हिरवानी, नरेंद्र कोसले, धरमू राम साहू, रोशन लाल, भोलाराम साहू, केशवराम, हीरालाल साहू, गुलेंद्र साहू सहित अनेक लोगों ने मगरलोड तहसीलदार व सीएमओ नगर पंचायत मगरलोड को लिखित आवेदन कर अतिक्रमण हटाने की मांग की है। उन्होंने आवेदन में उल्लेख किया है कि नगर पंचायत मगरलोड भैंसमुंडी में बच्चों, महिलाओं एवं बाहर से आए लोगों के घूमने के लिए एकमात्र उद्यान के नाम पर कारगिल उद्यान हैं जिसके चारों ओर अतिक्रमण कर छोटी-छोटी दुकान लगाकर चाय, सिगरेट, गुड़ाखू व अन्य प्रतिबंधात्मक पदार्थ का विक्रय कर रहे हैं।

आगे बताया है कि नगर पंचायत के जिम्मेदार प्रतिनिधि, पार्षद ने अतिक्रमण कर कारगिल उद्यान के सामने पक्का मकान बना लिया है। बिना कोई डर के कारगिल उद्यान के साइड का दरवाजा खोलकर खाली जगह में घेरा किया जा रहा है। इस ओर कोई भी अधिकारी व अन्य जनप्रतिनिधि का ध्यान कैसे नहीं जा रहा है, यह सोचनीय विषय है। इस तरह से बेखौफ अतिक्रमण को देख अन्य लोगों का हौसला बुलंद हो गया है और अवैध कब्जा करने की नीयत से अनेक कच्चे मकान व झोपड़ी बना ली है। यदि ऐसा ही चलता रहा तो कारगिल उद्यान के साथ नगर पंचायत का भविष्य संकट में हैं। नागरिकों ने अतिक्रमण हटाने की मांग शासन-प्रशासन से की है।

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री कन्या विवाह के तहत आवेदन 25 तक

**धमतरी**। इस साल भी मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजनान्तर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा सामूहिक विवाह का आयोजन किया जायेगा। परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना मगरलोड ने बताया कि इसके लिए 25 जनवरी तक आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। योजना का लाभ लेने के लिये निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र बाल विकास परियोजना कार्यालय मगरलोड, संबंधित सेक्टर पर्यवेक्षक, ग्राम की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है। कन्या की आयु 18 वर्ष से अधिक और वर की आयु 21 वर्ष से अधिक और वधु गरीबी रेखा के नीचे जीवनयापन करने वाले परिवार की होनी चाहिये।

### सिंधौरीखुर्द में रंगमंच निर्माण कार्य का भूमिपूजन

**कुरुद**। जनपद पंचायत कुरूद द्वारा जनपद निधि से क्षेत्र क्रमांक 9 ग्राम सिंधौरीखुर्द में 2 लाख रुपये से बनने जा रहे रंगमंच निर्माण कार्य का रविन्द्र साहू सभापति एवं त्रिवेणी साहू सरपंच ने भूमिपूजन किया। इस अवसर पर तुकेश साहू महासचिव युवा कांग्रेस, दुकालूराम दीवान सचिव समेत अन्य ग्रामवासी उपस्थित थे।

### नवकार महिला मंडल ने सेवा सप्ताह में 2500 कपड़े बांटे

**धमतरी**। नवकार महिला मंडल ने मकई चौक स्थित महाराष्ट्र बैंक के पास कपड़े एवं पूड़ी सब्जी का वितरण किया। 700 लोगों को तिल लड्डू, बिस्किट, पूड़ी सब्जी बांटी गई। अध्यक्ष संतोष मिनी ने बताया कि इस सेवा सप्ताह के दौरान 2500 कपड़े का वितरण किया गया। 150 जोड़ी चप्पल बांटी गई। 200 ऊनी स्वेटर, साल, कंटोप, मफलर बांटे गए। 2300 शर्ट, साड़ी, चादर, लोअर, टी-शर्ट वितरित की गई। सभी स्कूलों में बिस्किट, खजूर, नमकीन, चाकलेट के 700 पैकेट वितरित किए। आंगनवाड़ी में बच्चों के लिए झूला, बाथटब, क्रिकेट से,ट खिलौने, हेयर बेल्ट, कान के टॉप्स दिए गए। अध्यक्ष संतोष मिनी ने कहा कि अपनों के लिए सभी करते हैं लेकिन जो जरूरतमंद हैं, उनकी यदि जरूरत को पूरा करते हैं उससे एक आत्मिक खुशी मिलती है। कार्यक्रम में सचिव कुसुम गोलछा, कोषाध्यक्ष इंदु जैन, सरिता, संजू, सपना, दीपा जैन, रीता, दुर्गा, दीपा, रितु छाजेड़, शशि समेत मंडल की सभी सदस्य उपस्थित थीं।

### नारी सशक्तिकरण पर कार्यशाला

**नगरी**। गायत्री शक्तिपीठ नगरी में नारी सशक्तिकरण पर कार्यशाला रखी गई। कार्यशाला में बहनों को व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया। साप्ताहिक साधना स्वाध्याय, स्वाध्याय मंडल, जैन समाज की महिला मंडल की बहनों के साथ गोष्ठी, गायत्री मंत्र लेखन, बलिवैश्व यज्ञ, साहित्य प्रचार, कर्मकांड, विभिन्न संस्कारों का अभ्यास कराया गया। रचनात्मक दीपयज्ञ, नारी जागरण, कन्या कौशल, जन्म दिवस संस्कार, दीक्षा संस्कार, पुंसवन संस्कार, स्वास्थ्य शिक्षा पर छः स्थानों पर दीपयज्ञ एवं संस्कार किया गया। स्वावलम्बन प्रशिक्षण में घरेलू उत्पाद -खीचिया पापड़, गुपचुप, पापड़ी, मिक्चर, चिंवड़ा, खस्ता, पेठा, मेथी के पौष्टिक लड्डू, प्रोटीन पाउडर , बलिवैश्व यज्ञ हेतु गोमय कुंड, साथ ही आनलाइन बिजनेस, आंशिक टेलीमार्केटिंग, स्वास्थ्य शिक्षा हर्बल लाइफ, कोचिंग क्लास के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने प्रशिक्षण दिया गया। बहनों को बाल संस्कार शाला, विद्यालय में उद्बोधन हेतु प्रेरित किया गया। आईटीआई कॉलेज में 94 युवाओं को, श्री सुखराम नागे कॉलेज छिपली नगरी में 40 युवाओं के लिए व्यक्तित्व निर्माण युवा शिविर आयोजित किया गया। सांकरा में कन्या कौशल शिविर लगाया गया। इनमें से 40 युवाओं ने आवासीय युवा शिविर एवं अन्य प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु स्वेच्छा से अपने-अपने नाम दिए। इस तरह पांच दिवसीय नारी सशक्तिकरण कार्यशाला में गायत्री शक्तिपीठ नगरी के ट्रस्टी, गायत्री प्रज्ञा महिला मंडल नगरी, छत्तीसगढ़ प्रांतीय प्रशिक्षक टोली एवं स्थानीय टोली की महिलाएं मौजूद थीं।

### गर्मी से पहले सभी मोटरपंप की होगी जांच

# 15 दिन में चालू होंगे दोनों ओवरहेड टैंक

**जल विभाग की बैठक लेकर महापौर, आयुक्त व अध्यक्ष ने की समीक्षा**




हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

गर्मी के मौसम को देखते हुए शहर में पानी आपूर्ति को लेकर महापौर विजय देवांगन गम्भीर है। जल विभाग की समीक्षा बैठक लेकर उन्होंने कहा कि गर्मी शुरू होने के बाद तैयारी करेंगे तो पर्याप्त समय नहीं मिल पाएगा इसलिए अभी से विभाग के अधिकारी-कर्मचारी जुट जाए। आयुक्त विनय कुमार पोयाम व जल विभाग अध्यक्ष अवैश हाशमी की उपस्थिति में हुई बैठक में पेयजल व्यवस्था को और भी बेहतर करने आवश्यक निर्देश दिए गए। रामपुर, गोकुलपुर वार्ड में नवनिर्मित पानी टंकी को तत्काल चालू करने कहा ताकि उक्त एरिया के लोगों को पर्याप्त पानी मिल सके।

सुभाषनगर कांटा तालाब स्थित पानी टंकी को 15 दिवस के भीतर चालू करने एवं नवागांव वार्ड के विशाल ओवर हैंड टैंक में जल्द राइजिंग पाइप लाइन जोड़ने का निर्देश देते हुए कहा कि नेशनल हाईवे में पाइप लाइन को जोड़ने का काम किया जाए।

तय सीमा में शहर के तीनों ओव्हरहेड टैंकों को जोड़ने का कार्य अनिवार्य रूप से करें। शहर में शेष बचे 30 किमी पाइप लाइन विस्तार कार्य में तेजी लाने भी निर्देशित किया। आगामी ग्रीष्मकाल को देखते हुए समस्त पानी टैंकर को तैयार रखने व वार्डों में लगे मोटर पंपों की जांच कर मरम्मत करवाने एवं एडवांस में नई मोटर पंप स्टोर में रखने का निर्देश दिया।

अवैश हाशमी ने बताया कि गर्मी में सबसे ज्यादा समस्या मोटरपंप खराबी की आती है। गर्मी से पहले ही मोटरपंप की जांच व सुधार तथा इमरजेंसी के लिए अतिरिक्त मोटरपंप का स्टॉक होने से इस समस्या से निपटा जा सकता है। महापौर विजय देवांगन ने जलावर्धन योजना के अंतर्गत प्रस्तावित वाटर प्लांट निर्माण कार्य एवं वार्डों में हुए नए बोर में मोटर एवं बिजली कनेक्शन लेकर तत्काल चालू करने का निर्देश दिया।

साथ ही जल अधिकारी महेंद्र जगत को सभी पंप ऑपरेटर की बैठक लेकर जवाबदारी के साथ कार्य करने व लापरवाही बरतने पर तत्काल आयुक्त के संज्ञान में लेकर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक में आयुक्त विनय कुमार, जल विभाग अध्यक्ष अवैश हाशमी, पार्षद सोमेश मेश्राम,सहायक अभियंता महेंद्र सिंह जगत,उप अभियंता कामता नागेंद्र, लोमश देवांगन उपस्थित थे।

## आमदी कॉलेज के छात्रों ने संजय गांधी फिश हेचरी का अवलोकन किया



- फिश हेचरी के अधिकारी ने छात्रों को मछली संवर्धन के बारे में दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶आमदी(धमतरी)

शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी के विज्ञान संकाय के छात्रों ने शैक्षणिक भ्रमण के तहत संजय गांधी फिश हेचरी देमार का निरीक्षण व अवलोकन किया। महाविद्यालय के प्राणीशास्त्र विभागाध्यक्ष हेमेन्द्र साहू द्वारा शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। बीएससी भाग दो(बायो) के छात्र-छात्राओं को फिश हेचरी एक्वेरियम, फिश पौंड एवं फिश शीड के बारे में जानकारी दी गई। संजय गांधी फिश हेचरी देमार के अधिकारी ने मछली संवर्धन के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। इस दौरान डॉ. गौकरणप्रसाद जायसवाल सहयक प्राध्यापक हिन्दी, तरूण बैनर्जी सहायक प्राध्यापक राजनीति विज्ञान, अंकित बोधवानी सहायक प्राध्यापक वाणिज्य, डिगेश्वर अटल सहायक प्राध्यापक भूगोल व अतिथि प्राध्यापक गोपाल देवांगन, युगेश्वर साहू, मन्नू साहू, तृप्ति साहू एवं स्वाति दुबे मौजूद थे।

## छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने की कलेक्टर से मुलाकात




हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन जिला इकाई धमतरी के प्रतिनिधिमंडल ने जिला अध्यक्ष डॉ भूषणलाल चंद्राकार एवं प्रदेश उपाध्यक्ष देवनाथ साहू के नेतृत्व में नवपदस्थ कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी का स्वागत किया। जिले में शिक्षा विभाग द्वारा बोर्ड परीक्षा में शत- प्रतिशत रिजल्ट एवं प्रावीण्य सूची में जिले से अधिकतम बच्चों को स्थान बनाने के लिए चलाए जा रहे अभियान /"मिशन अव्वल/" के बारे में जानकारी देकर त्रैमासिक एवं अर्धवार्षिक परीक्षाओं में 85 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों को ब्लाक स्तर पर विशेष कोचिंग देने हेतु कार्ययोजना बनाने की मांग की। कलेक्टर ने शिक्षकों को शैक्षणिक गुणवत्ता के उत्तरोत्तर सुधार के लिए समर्पण भाव से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। संगठन ने विगत विधानसभा निर्वाचन के दरम्यान लंबित मानदेय के शीघ्र निराकरण की मांग रखी। कलेक्टर ने इस विषय की पूरी जानकारी लेकर शीघ्र निराकरण का भरोसा दिलाया। मौके पर संघ के सचिव बलराम तारम, उपाध्यक्ष डॉ गणेश प्रसाद साहू, जिला महिला प्रकोष्ठ प्रभारी बी यदु, सविता छाटा, जागृति साहू, तुनेश्वरी साहू, दशोदा साहू, डॉ. आशीष नायक, कैलाश प्रसाद प्रसाद, राहुल नेताम, जसवंत साहू, खूबलाल साहू, रामप्रसाद नाग, गेवाराम नेताम, दिनेश कुमार साहू, सचिव हरीश कुमार साहू, धर्मेंद्र साहू, हेमंत सोनकर, देवेंद्र भारद्वाज, भगवती प्रसाद सोनी, संतोष कुमार साहू, नारद देवांगन, रूपेश साहू, सोहन साहू, भागवतराम साहू, सरजूराम साहू, खेमराज साहू सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे।

## जीवन में भोजन आवश्यक है, तंबाकू नहीं : आकांक्षा



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ श्रीदेवी चौबे के निर्देशन में रेड रिबन क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसका मुख्य उद्देश्य तंबाकू सेवन से होने वाली हानि से बचाव और इसके नियंत्रण के लिए जनसामान्य में जागरूकता का निर्माण करना है। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता विकास सुल्तान सोशल वर्कर जिला चिकित्सालय धमतरी एवं भागेश्वर लोधी काउन्सलर थे।

विकास सुल्तान ने स्वयंसेवकों को तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम से संबंधित अनेकों जानकारियां दीं। उन्होंने कहा कि तंबाकू के उपयोग की शुरुआत दक्षिण अमेरिका में रेड इंडियन्स द्वारा हुई। पुर्तगाली एवं अंग्रेजों ने तंबाकू का पौधा भारत लाया। आगे बताया कि छत्तीसगढ़ में 40 प्रतिशत लोग तंबाकू का सेवन करते हैं और भारत में 6000 बच्चे रोज तंबाकू सेवन से जुड़ते हैं। प्रो. आकांक्षा मरकाम कार्यक्रम अधिकारी ने कहा कि जीवन में भोजन आवश्यक है, तंबाकू नहीं ।

राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत प्रश्नोत्तरी एवं रंगोली प्रतियोगिता हुई। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम लोचन, द्वितीय ज्ञानेश्वर एवं तृतीय हस्मिक रहे। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान खुशी, द्वितीय स्थान सोनम, तृतीय स्थान



धनेश्वरी तथा चतुर्थ स्थान लीना गजेंद्र ने प्राप्त किया। मंच का संचालन वरिष्ठ स्वयंसेवक रूपेश देवांगन ने किया। मौके पर अपर्णा शर्मा, संकेत कुमार साहू, टीमेश साहू, अनीता, विवेक, रश्मि, हेमचरण, मोनिका, केशिओम, ओम, मनीषा, मिताली, मानु, भेनु सिन्हा, केसर, योगिता एवं अन्य स्वयंसेवक उपस्थित थे।

**डेढ़ लाख से ज्यादा लोगों को मिली शासन की योजनाओं की जानकारी**

## वनांचल एवं सुदूर क्षेत्रों में पहुंच रही विकसित भारत संकल्प यात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत भारत सरकार की योजनाओं की जानकारी आम नागरिकों तक पहुंचाने एवं शासन की लोक हितैषी योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से जिले के सभी विकासखण्डों के निर्धारित स्थानों में लगातार संकल्प शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिले के वनांचल क्षेत्र, कमार बस्तियों सहित अब तक कुल 207 गांवों में विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची है। इन शिविर स्थलों में विकसित भारत संकल्प यात्रा की मोबाइल वैन के आगमन पर ग्रामीणों द्वारा पारंपरिक तरीके से स्वागत किया जा रहा है। अब तक जिले में आयोजित इन संकल्प शिविरों में 1 लाख 64 हजार 866 लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और 1 लाख 39 हजार 98 लोगों ने देश को वर्ष 2047 तक विकसित बनाने संकल्प लिया।

शिविर में 'मेरी कहानी मेरी जुबानी' के तहत जिले के 4811 हितग्राहियों ने विभिन्न योजनाओं से मिले लाभ के संबंध में अपने अनुभव साझा करते हुए आमजनों को योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रोत्साहित किया। शिविरों में ग्रामीणों को प्रधानमंत्री आवास, उज्ज्वला योजना, जल जीवन मिशन, आयुष्मान कार्ड, किसान सम्मान निधि सहित अन्य विभागीय योजनाओं की जानकारी दी जा रही है।



गौरतलब है कि धमतरी जिले में 16 दिसम्बर से अब तक कुल 207 शिविर आयोजित किए गए है, जिनमें नगरी में 60, कुरूद और मगरलोड में 53-53 तथा धमतरी विकासखण्ड में 47 शिविर लगाये गये हैं, जिसमें जिले के एक लाख 64 हजार 866 लोगों ने हिस्सा लेकर प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, केसीसी सहित अन्य योजनाओं का लाभ उठाया। 3039 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत नया गैस कनेक्शन प्रदान किया गया। शिविर में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति और सुरक्षा बीमा योजना के तहत 1177 लोगों का पंजीयन किया गया।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिले में आयोजित संकल्प शिविरों में हेल्थ कैम्प भी लगाये जा रहे हैं। इन शिविरों मे अब तक 63 हजार 395 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमे 41 हजार 520 लोगो की टी.बी. जांच और 24 हजार 417 लोगों का सिकलसेल परीक्षण किया गया। जिले में अब तक लगे संकल्प शिविरों में 1632 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरित किया गया तथा 129 गांवों को शत-प्रतिशत आयुष्मान की श्रेणी में लिया गया।

## बिहान योजना से महिलाएं हुई आत्मनिर्भर

- गिरौद पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा
- समूह की महिलाएं 3 से 4 लाख तक लोन उठा रही




हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी गांव-गांव पहुंच रही है। सोमवार को ग्राम पंचायत गिरौद में विकसित भारत संकल्प यात्रा का शिविर आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष योगेश्वर साहू ने शिविर में सभी नागरिकों को संकल्प दिलाया। विशिष्ट अतिथि जनपद पंचायत सदस्य नंदनी साहू, सरपंच यशोदा नगरची उपसरपंच नारायणलाल साहू थे। मेरी कहानी मेरी जुबानी में दानेश्वरी निषाद ने बिहान के बारे में बताया कि जो महिलाएं बिहान से जुड़ी हैं। आज आजीविका चलाने में सक्षम हो रही हैं। उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत है। आज समूहों के माध्यम से 3 से 4 लाख तक लोन उठा रही हैं। अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है।

इसी प्रकार पठारी निषाद एवं मानकुवार साहू ने प्रधानमंत्री आवास को लेकर बताया कि पहले वे झोपड़ी में रहते थे। बरसात के दिनों में भारी कठिनाई का सामान करना पड़ता था। झोपड़ी में पानी टपकता था। कभी सांप, बिच्छू जैसे कई तरह के जीव जंतु आ जाते थे। जब से प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिला है, किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। कामदेव निषाद ने जल जीवन मिशन के बारे में बताया कि गांव में एक या दो हैंडपंपथा। लोगों को पानी भरने सुबह 4 बजे से लाइन लगानी पड़ती थी। आज जल जीवन मिशन के अंतर्गत सभी के घरों में नल लग गया है।

कृषि विस्तार अधिकारी व्यास चंद्राकर ने कृषि के बारे में बताया कि आज एक एकड़ में एक बोरी यूरिया छिड़काव करना पड़ता है। इसका असर मिट्टी में भी पड़ता है। इससे पर्यावरण को नुकसान हो रहा है। आज नैनो यूरिया आया है। इसे किसान स्प्रे के माध्यम से छिड़काव कर सकते हैं और सीधा पौधा में उसका असर दिखने लगता है। एक एकड़ में एक लीटर की जरूरत होती है।

इस अवसर पर बीआरसी धीरज देवांगन, मेघा संकुल समन्वय रामाधार साहू, ग्राम पटेल हुलास साहू, दयावती साहू, कामेश्वर साहू, कामिन, यशोदा, दुलारी निषाद, चमेली साहू, भागवत साहू, जागेश्वर साहू, कामेश्वर साहू, ठाकुर राम, उमेंद निषाद, नेपाल विश्वकर्मा, हेमाराम, नारायण साहू, सचिव ओमप्रकाश साहू, रामप्रसाद, रोजगार सहायक दुलेश्वरी साहू समेत अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## गायत्री महिला मंडल ने अब्दुल कलाम गार्डन में रोपे 50 पौधे



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

गायत्री परिवार द्वारा चलाए जा रहे पर्यावरण संरक्षण अभियान अंतर्गत गायत्री महिला मण्डल कुरुद की महिलाओं द्वारा अब्दुल कलाम गार्डन कुरुद में 50 फलदार, फूलदार एवं अन्य पौधों का रोपण कर सुरक्षा का संकल्प लिया गया। आम, अमरुद, पपीता,बेल, नींबू, अनार एवं देव वृक्ष तुलसी का रोपण किया गया।

जिला समन्वयक दिलीप नाग ने बताया कि वृक्षारोपण का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण को प्रदूषण मुक्त बनाकर लोगों को स्वस्थ एवं निरोग जीवन जीने के लिए प्रेरित करना है। आज जब चारों तरफ़ मोटर गाड़ियों एवं कल कारखानों से निकलने वाले जहरीले धुएं के कारण स्वस्थ रहना एक बहुत बड़ी चुनौती है। ऐसी विषम परिस्थितियों में पौधारोपण अभियान का अधिक महत्व है। पिछले 6 माह में कुरुद ब्लाक में गायत्री परिवार द्वारा 500 से अधिक विभिन्न प्रकार के पौधों का रोपण किया जा चुका है।

इस पौधारोपण कार्य में श्रीमती साधना देवांगन प्रमुख प्रबंध ट्रस्टी गायत्री शक्तिपीठ कुरुद, महिला मण्डल अध्यक्ष ममता चन्द्राकार, भारती चन्द्राकार, श्वेता चन्द्राकार, दीप्ति साहू, नेहा चन्द्राकार, राखी चन्द्राकार, ममता साहू, गोमती साहू, सुरेखा चन्द्राकार, संध्या गोस्वामी, अनुसुईया साहू, फूलबासन चन्द्राकार का योगदान रहा।


Health Town

यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
- Revision TKR,THR
- जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
- अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
- विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक

सुबह 10.30 to 2.30pm., सायं 7.00 to 8.30pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर : मो. 9406004581
बिलासपुर : मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन

जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर
बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### डोड़की में 13 को मड़ई

**धमतरी।** समीपस्थ ग्राम डोड़की में इस वर्ष भी ग्रामवासियों के सहयोग से 13 जनवरी शनिवार को मड़ई का आयोजन किया गया है। रात्रि में मनोरंजन के लिए जय गंगा मैया नाचा पार्टी कुट्टीखुर्द (राजनांदगांव) का कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी सरपंच प्रदीप सिन्हा, अश्वनी, सुरेश, शिक्षक डॉ. नारायण, रमेश देवांगन, मुरार बांधे, परमेश्वर, दिलीप सिन्हा ग्रामीण कोषाध्यक्ष ने दी है।

### कल्लेमेटा में डीजे डांस स्पर्धा 14 को

**नगरी।** देव मेला के उपलक्ष्य में कल्लेमेटा (नगरी) में 14 जनवार को रात्रिकालीन डीजे डांस प्रतियोगिता रखी गई है। सामूहिक नृत्य में प्रथम इनाम 10024, द्वितीय इनाम 7024, तृतीया इनाम 4024, चतुर्थ इनाम 2024 रूपए रखा गया है। युगल नृत्य में प्रथम इनाम 5024, द्वितीय 3024, तृतीय इनाम 2024 रूपए व एकल नृत्य में प्रथम इनाम 3024, द्वितीय इनाम 2024, तृतीय इनाम 1024 रूपए रखा गया है।

### दौड़ एवं ऊंची कूद प्रतियोगिता 12 को

**जीजामगांव।** राष्ट्रीय युवा दिवस (स्वामी विवेकानंद जयंती) के अवसर पर सैन्य प्रशिक्षण केंद्र अभनपुर द्वारा 12 जनवरी को 2.5 किमी दौड़ एवं ऊंची कूद प्रतियोगिता बालक एवं बालिका वर्ग का आयोजन बजरंगदास खेल मैदान अभनपुर नया बस स्टैंड के पास किया गया है। सभी खेलों में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को मोमेंटो एवं प्रशस्ति -पत्र तथा द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को मेडल एवं प्रशस्ति -पत्र और प्रथम 10 प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। पंजीयन 12 जनवरी को प्रातः 6 से 7 तक किया जायेगा। पंजीयन निःशुल्क हैं। अध्यक्ष खेमचंद निषाद एवं सचिव योगेश साहू ने प्रतियोगिता में भाग लेने युवाओं से अपील की है।

### प्राण-प्रतिष्ठा के दिन हाइवा का संचालन बंद करने की मांग

**धमतरी।** श्रीराम मंदिर अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव 22 जनवरी को होगी। शहर के समाजसेवी महेन्द्र खंडेलवाल ने जिला एवं पुलिस प्रशासन से आग्रह किया है कि इससे पहले 20 जनवरी से 22 जनवरी तक शाम 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक शहर के अंदर चलने वाले हाइवा व बड़े वाहनों का संचालन बंद कर दिया जाए। शहर में छोटे-छोटे फुटकर व्यवसायी फूल, पताका सहित कुम्हार दीये बेचने दुकान लगाएंगे। 22 जनवरी को सामाजिक, धार्मिक संस्थाओं द्वारा मुख्य मार्ग एवं वार्डों में बैंडबाजे के साथ शोभायात्रा निकाली जायेगी। उन्होंने कहा कि इस दिन शहर के नागरिक घरों से निकलकर बाहर मुख्य मार्गों सहित खुले मैदान में महामहोत्सव मनाएंगे। मार्गों में रामभक्तों की भीड़ रहेगी। बड़े वाहनों के बेधड़क चलने से कहीं भी अनहोनी घटना घट सकती है। इस आशय की जानकारी डीएसपी यातायात मणिशंकर चन्द्रा को मैसेज के माध्यम से दी है।



पीएम जनमन योजना के लिए कमार जनजाति वर्ग के कर्मचारी एवं छात्रों से की चर्चा

# मेहनत करने से ही जीवन में सफलता मिलती है : नम्रता

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग के लोगों को प्रधानमंत्री जनमन योजनांतर्गत शत-प्रतिशत लाभान्वित करने के उद्देश्य से कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने एकलव्य आवासीय परिसर पथर्रीडीह में कमार जनजाति वर्ग के शासकीय सेवक एवं विद्यालयीन छात्र-छात्राओं से चर्चा की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति कमार वर्ग को समाज की मुख्य धारा में जोड़ने के लिए केंद्र सरकार द्वारा पीएम जनमन योजना प्रारंभ की गई है, जिसके सफल क्रियान्वयन में आप सभी का सहयोग अपेक्षित है। कलेक्टर सुश्री गांधी ने इससे पहले कमार जनजाति वर्ग के शासकीय सेवकों एवं विद्यालयीन छात्र-छात्राओं से परिचय प्राप्त किया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत रवि साहू, एसडीएम नगरी श्रीमती गीता रायस्त, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास डॉ रेशमा खान, सीईओ जनपद पंचायत नगरी आईएन पटेल, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्रीमती जगरानी एक्का के अलावा अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने बताया कि प्रधानमंत्री जनमन योजनांतर्गत विभिन्न विभागों के समन्वय से शिक्षा, स्वास्थ्य, श्रमकार्ड, मनरेगा, पशुपालन, पेयजल, आवास, सडक़, मोबाइल मेडिकल यूनिट, आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से पोषण, इंटरनेट एवं मोबाइल सर्विस की उपलब्धता, खेती-किसानी तथा आजीविका संवर्धन हेतु कौशल विकास सहित महत्वपूर्ण गतिविधियों का क्रियान्वयन किया जाएगा। कलेक्टर ने शासन की योजनाओं का लाभ लेने तथा समाज के लोगों को मुख्य धारा में जोड़ने के लिए जागरूक करने समाज के लोगों से आग्रह किया।



### कलेक्टर के साथ बैठकर किया भोजन

कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी एकलव्य आदिवासी आवासीय विद्यालय पथर्रीडीह पहुंची। इस दौरान कमार जनजाति वर्ग के शासकीय कर्मचारियों और छात्रावास में अध्ययनरत विद्यार्थियों ने कलेक्टर के साथ बैठकर भोजन किया। कलेक्टर ने विद्यार्थियों को आगे की पढ़ाई के लिए टिप्स भी दिये। उन्होंने विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ाई करने और समाज में अपनी एक अलग पहचान बनाने की समझाईश दी।

### योजनाओं का लाभ लेकर आगे बढ़ें

कलेक्टर ने विशेष पिछड़ी जनजाति कमार समाज प्रतिनिधियों और युवाओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि अपने समाज के लोगों को शिक्षित एवं शासन की योजनाओं का लाभ लेकर आगे बढ़ाएं। आज शासन द्वारा शिक्षित युवाओं को नौकरी दी जा रही है। समाज को आगे बढ़ाने में आपकी महत्वपूर्ण भूमिका है। आप मार्गदर्शक बनकर उन्हें प्रेरणा देकर समाज को नई दिशा प्रदान करें। अपने बीच कलेक्टर एवं अन्य अधिकारियों को पाकर कमार जनजाति वर्ग के शासकीय कर्मचारी एवं स्कूली छात्र-छात्राएं खुश हुए।

## न्यायालय ने सुनाया फैसला

# छोटे भाई की तीर मारकर हत्या करने वाले बड़े भाई को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



जमीन संबंधी पुराने विवाद को लेकर छोटे भाई की तीर मारकर हत्या करने वाले आरोपी बड़े भाई को अपर सत्र न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

न्यायालयीन सूत्रों के अनुसार मगरलोड थाना क्षेत्र के ग्राम बेलोरा निवासी तुकेश्वर सोरी पिता बिहारी 19 जुलाई 2021 का पुरानी बात को लेकर अपनी भाभी रजनी सोरी के साथ झगड़ा हुआ। रजनी के अपने घर पहुंचने के बाद बड़ा भाई कुशल सोरी तीर कमान लेकर पहुंचा। इस दौरान तुकेश्वर घर के पास स्थित इमली पेड़ में बंधे झूले में झूल रहा था। कुशल ने पहुंचते ही तीर कमान से उस पर हमला शुरू कर दिया। यह देख मां हिरौंदी सोरी ने तुकेश्वर को बचाने का प्रयास किया लेकिन कुशल अपने हाथ में पकड़े तीर को तुकेश्वर के सीने में घोंप दिया। लहुलूहान तुकेश्वर जमीन पर गिर गया। हत्या की नीयत से कुशल ने लकड़ी की बल्ली से तुकेश्वर के सिर पर प्राणघातक हमला कर दिया। इस घटना में घायल तुकेश्वर की मौत हो गई। हिरौंदी बाई की शिकायत पर मगरलोड पुलिस ने आरोपी कुशल सोरी के धारा 302 के तहत गिरफ्तार कर प्रकरण न्यायालय में पेश किया।

श्रृंखला न्यायालय कुरूद के अपर सत्र न्यायाधीश विजय कुमार साहू ने सभी गवाहों को सुनने व सबूतों को देखने के बाद आरोपी पर दोष सिद्ध होना पाया। न्यायाधीश ने आरोपी कुशल सोरी को धारा 302 के तहत आजीवन कारावास की सजा व 1 हजार रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया। अर्थदण्ड अदा नहीं करने पर अभियुक्त को 6 माह के अतिरिक्त कठोर कारावास की सजा भुगतनी होगी।

# रात में निकलने वाले हाइवा के काफिले से लोग सहम रहे

■ वाहनों की स्पीड पर अंकुश लगाने की मांग, हो चुकी है कई दुर्घटना

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



शहर के मुख्य मार्गों में हाई स्पीड से दौड़ने वाले हाइवा वाहनों से लोग डरे हुए हैं। रात में कतारबद्ध होकर इनके चलने से लोग ठिठककर रूक जाने मजबूर हैं। इन वाहनों के दिल दहला देने वाले काफिले से कभी भी गंभीर दुर्घटना हो सकती है। प्रशासन को चाहिए कि इनकी स्पीड पर अंकुश लगाएं।

शहर के सिहावा रोड, रायपुर रोड, बस्तर रोड, रूद्री रोड सहित ग्रामीण क्षेत्र कोलियारी से दोनर, देवरी तक रातभर कतारबद्ध होकर हाइवा वाहन बेधड़क चल रहे हैं। इनकी स्पीड भी काफी अधिक रहती है। आवागमन करने वाले इनके काफिले को देखकर रूक जाते हैं।

शहर के नागरिक अमित रायपुरकर, नरेंद्र शुक्ला, राज पुरोहित, नंदन चौबे, शिखर दामने का कहना है कि हाइवा वाहनों की स्पीड पर अंकुश लगाने की आवश्यकता है। शहर के अंदरूनी मार्ग में भी इनकी स्पीड़ सामान्य से अधिक रहती है। सुबह 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक शहर में इसके प्रवेश के प्रतिबंध से नागरिकों को कुछ राहत तो है लेकिन रात्रि 10 से सुबह 6 बजे तक इनका काफिला लोगों को दहला रहा है।

गौरतलब है कि ओव्हर स्पीड वाहनों के कारण कई सड़क दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। लोग असमय काल के गाल में समा चुके हैं। इसके बाद भी इनकी स्पीड पर लगाम नहीं है। बता दें कि रात्रि 10 बजे के बाद ही हाइवा व बड़े वाहन शहर में प्रवेश करते हैं। इससे पूर्व आउटर में कतारबद्ध होकर रात्रि 10 बजे का इंतजार करते हैं। समय होते ही शहर की चारों दिशाओं से हाइवा शहर में प्रवेश करते हैं।

शहर प्रवेश होते ही लोगों की धड़कनें तेज हो जाती हैं। रात्रि होने की वजह से कुछ हाइवा चालक नशे की गिरफ्त में रहते हैं जो वाहन को लहराते हुए चलाते हैं। पूरे रूट में शहर के अधिकांश भाग में इनका कब्जा रहता है। साइकिल सवार सहित दोपहिया, चारपहिया, कार चालक डरकर आवागमन करते हैं।

### उर्स-ए-चिश्तिया 12 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

हजरत हाजी बाबा शेख़ अब्दुल वाहिद कलिमी कलंदरी चिश्ती रहमातुल्लाह अलैह का उर्स 12 और 13 जनवरी को मनाया जायेगा। इतवारी बाजार स्थित दरगाह शरीफ में दो दिनी प्रोग्राम का आयोजन किया गया है। 12 जनवरी शुक्रवार को दोपहर 12 बजे कुरआन खानी की जायेगी। तत्पश्चात बाद नमाज जोहर 2 बजे परचम कुशाई की रस्म अदा की जायेगी। बाद नमाज असर शाही संदल निकाला जायेगा। 13 जनवरी को शाही गुस्ल 3 बजे, सुबह 4 बजे रंग महफिल, कुल शरीफ की फातिहा सुबह 6:15 बजे तथा दोपहर 12 बजे पुरूषों और बच्चों के लिए आम लंगर रखा गया है। मोहम्मद अताऊर रजा ने लोगों से उपस्थिति की गुजारिश की है।

# निगम टीम ने सरकारी संपत्ति से हटाए 150 बैनर पोस्टर



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नगर निगम आयुक्त के निर्देश पर निगम टीम ने शहर में अभियान चलाकर विद्युत पोल, सरकारी संपत्ति पर लगाए गए 150 से अधिक बैनर पोस्टर हटाए। उपायुक्त पीसी सार्वा ने बताया कि शहर के अंदरूनी इलाकों सहित नेशनल हाईवे मार्ग में निगम टीम ने कार्रवाई की है।

गौरतलब है कि शहर के कुछ व्यवसायी, शैक्षणिक संस्थाओं और राजनीतिक दलों द्वारा अपने प्रचार-प्रसार के लिए सरकारी संपत्ति में बैनर, पोस्टर, विज्ञापन होर्डिंग लगा दिया जाता है जौ अवैधानिक श्रेणी में आता है। साथ ही सरकारी संपत्ति का दुरूपयोग होता है। शहर के विद्युत पोल में तो इसकी भरमार है। सड़क के बीचों-बीच व साइड में बैनर पोस्टर लगा देने से दुर्घटनाओं में वृद्धि तो होती है साथ ही शहर की खूबसूरती में भी बाधा उत्पन्न होती है। इसे देखते हुए निगम ने अभियान चलाया है।

# रामायण के आदर्शों को जीवन में करें आत्मसात : ओंकार

■ खरतुली-बागतराई की रामायण प्रतियोगिता में शामिल हुए विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



ग्राम खरतुली में आयोजित रामायण प्रतियोगिता के समापन समारोह के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक ओंकार साहू व विशेष अतिथि बिलाई माता मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष आनंद पवार, सरपंच दिनेश सिन्हा, जिला कांग्रेस सचिव विक्रांत पवार थे। इस अवसर पर विधायक श्री साहू ने कहा कि हमें अपने जीवन में रामायण के आदर्शों को आत्मसात करना चाहिए। इससे हमारे जीवन में आने वाली कठिनाई से संबल मिलता है। राम नाम की महिमा अपरंपार है।

श्री रामजी ने सदाचार का मार्ग चुना। उसी तरह हमें भी सत्य और सदाचार के मार्ग पर चलना चाहिए। कुसंगति से बचकर सत्संग के मार्ग पर चलना चाहिए। अपने जीवन में अहंकार नहीं करना चाहिए। सत्य परेशान हो सकता है, लेकिन पराजित नहीं हो सकता, आनंद पवार ने कहा कि श्रीराम चरित मानस में सकारात्मक जीवन जीने की कला छिपी हुई है। किस तरह का व्यवहार हमें अपने जीवन में अपनाना है और संबंधों को किस प्रकार जीना है। यह शिक्षा हमें रामायण से मिलती है।

इसी प्रकार विधायक ओंकार साहू बागतराई में आयोजित रामायण प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता दोवन लाल साहू अध्यक्ष ग्राम विकास समिति बागतराई ने की। विशिष्ट अतिथि लक्ष्मीनारायण साहू लेखापाल जिला सहकारी बैंक कोर्रा, कृष्ण कुमार साहू ब्रांच मैनेजर जिला सहकारी बैंक सम्बलपुर, भागवत राम साहू शिक्षक, संतराम सार्वा पूर्व सरपंच, खुज्जीलाल साहू, राजेन्द्र कुमार यादव, धर्मेन्द्र कुमार साहू, प्रेमलाल साहू, लुकेश्वर सेन, उदयराम साहू, कृतराम साहू, हीरालाल साहू, राहुलचंद, मदन लाल साहू थे। रामायण प्रतियोगिता में अंचल की मानस मंडलियों ने भाग लिया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं श्रद्धालु उपस्थित थे।

# गर्ल्स कॉलेज में लगी मॉडल प्रदर्शनी



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शासकीय नारायणराव मेघावाले कन्या महाविद्यालय धमतरी में वार्षिक स्नेह सम्मेलन अंतर्गत में मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य डॉ. डी. आर. चौधरी ने कहा कि सभी मॉडल शिक्षाप्रद है। इस तरह के कार्यक्रम से छात्रों के संरचनात्मक व रचनात्मक गुणों का विकास होता है। महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों ने मॉडलों को देखा और प्रशंसा की।

कार्यक्रम में बीएससी, बीए एवं कॉमर्स संकाय के छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। बीकॉम की छात्राओं ने व्यापार के लिए सहायक विज्ञापन, विभिन्न प्रकार की बीमा कंपनी तथा भारतीय अर्थव्यवस्था में प्राथमिक, द्वितीयक तथा तृतीयक क्षेत्र आदि के बारे में जानकारी देते हुए मॉडल प्रदर्शित किया। छात्राओं ने मॉडल के माध्यम से पारिस्थितिक तंत्र में विभिन्न खाद्य स्तरों के बीच ऊर्जा के प्रभाव को प्रदर्शित किया। इसमें बीकॉम तृतीय वर्ष की छात्राएं प्रथम रहीं। द्वितीय स्थान बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्राओं और बीकॉम प्रथम वर्ष के बीच समान अंक होने के कारण टाई रहा। तृतीय स्थान पर बीकॉम प्रथम वर्ष की छात्राएं रहीं।

इस अवसर पर डॉ. रोहिणी मरकाम, डॉ. जे.एल. पाटले, ओ.पी. चन्दे, डॉ. चन्द्रशेखर बांधे, राजेश जांगड़े, हुकेश कुमार, दानेश्वर साहू, आकाश साहू, मधु माधव देव, रामचंद सोनी, रोली जांगड़े, पोखराज साहू, डॉ. जयश्री रणसिंह पूर्णिमा साहू, सुषमा साहू, गीतांजली टंडन, सतीश साहू, किरण चन्द्राकर एवं समस्त कार्यालयीन स्टॉफ उपस्थित थे।

### मोहेरा में मड़ई मेला 22 को

**मगरलोड।** ग्राम मोहेरा में ग्रामवासियों के सहयोग से 22 जनवरी सोमवार को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए नवरंग नाचा पार्टी मावलीभाठा जिला नुवापड़ा उड़ीसा का कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी सरपंच कुलेश्वर साहू, पूर्व जनपद सदस्य धरम बिसेन, ओमप्रकाश सेन ने दी है।




# मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व गुरु बनेगा : रंजना

■ विकसित भारत संकल्प यात्रा शंकरदाह पहुंची

■ पूर्व विधायक ने हितग्राहियों को सामग्री वितरित की

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी





अंचल में केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी देने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम शंकरदाह में विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान अंतर्गत शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक रंजना डीपेंद्र साहू थीं। उन्होंने गणमान्य जनों को शपथ दिलाकर हितग्राहियों को सामग्रियों का वितरण किया। अतिथि उद्बोधन में श्रीमती साहू ने कहा कि नए भारत का इतिहास स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व गुरु बनेगा। भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने देश हित के लिए कार्य किए हैं। श्रीमती साहू ने आगे कहा कि इस मुहिम का मुख्य उद्देश्य केंद्र की योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित करना है।

भोथली मंडल अध्यक्ष हेमंत चंद्राकर ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान देश के विकास की गाथा प्रदर्शित करेगा। हितग्राहियों में जन जागरूकता आएगी और सरकार की योजनाओं का लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला मंत्री बीथिका विश्वास, शहर मंडल अध्यक्ष विजय साहू, अशोक कुमार साहू, ममता सिनहा, विश्राम साहू, पूरन साहू, अमृतलाल ध्रुव, नरेंद्र साहू सरपंच, सोहन साहू उप सरपंच, कलीबाई ध्रुव, प्रकाश पाटले, धरम, प्रदीप सिन्हा, श्यामा साहू, अमृता ध्रुव, ओमती साहू, आशा ध्रुव सहित बड़ी संख्या में लाभार्थी, विभागीय अधिकारी-कर्मचारी एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

# वन ग्राम मौहाबाहरा में मड़ई आज

**नगरी।** ग्राम मौहाबाहरा में 11 जनवरी को मड़ई का आयोजन किया गया है। शीतला पुजारी रहिपाल मरकाम ने बताया कि मौहाबाहरा की यह प्रथम मड़ाई है। मड़ाई के अवसर पर सप्तऋषि के छांव नाचा पार्टी फरसापानी नगरी का मंचन होगा। कार्यक्रम की तैयारी में गिरधारी मरकाम, सुमेरसिंह मरकाम, सत्यप्रकाश नेताम, अर्जुनसिंह ओटी, कन्हैया मंडावी, थान सिंह, देवराम, गौतम, भारत, मंगल समेत ग्रामवासी जुटे हैं।



निःशुल्क चिकित्सा परामर्श की सुविधा
सभी बीमारियों के शीघ्र आराम के लिए
बाबा नवजीवन चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने धमतरी
प्रमुख बीमारियों का इलाज
1. बुखार, सर्दी, खांसी, निमोनिया, श्वांस दमा, उल्टी दस्त
2. पेटरोग-कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना
3. वात रोग व लकवा रोग का लाभकारी इलाज
4. बवासीर-मस्सा होना, खून निकलना, दर्द होना
5. स्त्रीरोग-सफेदपानी आना, मासिक रूकावट, बांझपन
6. पुरुषों के रोग-धातुस्राव, शीघ्रपतन, इंद्रिय शिथिलता
7. चर्मरोग-दाद, खुजली, बेमची, सुजन, सफेद दाग
8. शुगर रोग-पेशाब बार बार होना, थकान, कमजोरी
9. केशरोग-बालों का झड़ना, सफेद होना का इलाज
10. पीलिया, मूत्ररोग, पथरी, सिरदर्द, हाई व लो ब्लडप्रेशर
99930 10732

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
स्थायी इलाज
विशेषताएं-
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)



डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

